## संक्षिप्त

### कैंडल मार्च निकाला

**निवाई।** पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में गुरूवार की शाम विधायक रामसहाय वर्मा के नेतृत्व में भाजपा के कार्यकर्ताओं ने अहिंसा सर्किल पर मोमबती जलाकर हमले में मारे गए लोगों की आत्मा की शांति के लिए कैंडल मार्च किया। इस दौरान कार्यकर्ता ने आतंकवाद व पाकिस्तान के विरूद्ध नारे-बाजी कर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने 2 मिनट का मौन रखकर शहीदों को श्रद्धांजली दी। इस अवसर पर शंकरलाल हाथीवाल, भाजपा नटवाडा मंडल अध्यक्ष बद्री नटवाडा, पार्षद अंकित वर्मा, ओमप्रकाश वर्मा, करणसिंह, त्रिलोक जैन, पार्षद नितिन छाबडा, जितेन्द्र धारवाल व एडवोकेट रमेशकुमार शर्मा सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

### मिस्त्री की उपचार के दौरान मौत

**निवाई।** मारपीट में घायल युवक की जयपुर में उपचार के दौरान मृत्यु हो गई। थानाधिकारी रामजीलाल बैरवा ने बताया कि 14 अप्रैल की रात को ट्रैक्टर मिस्त्री हंसराज सैनी को अज्ञात व्यक्तियों ने मोबाइल करके दादू दयाल आश्रम के पास उनके ट्रैक्टर को ठीक करवाने का बहाना बनाकर बुलाया था। मिस्त्री के दादू दयाल आश्रम के पास पहुंचते ही आरोपियों ने उस पर लाठियां एवं सरियों से ताबड़तोड़ हमला कर दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को परिजनों ने अस्पताल में भर्ती करवाया। घायल हंसराज सैनी की उपचार के दौरान शुक्रवार को मौत हो गई। उन्होंने बताया कि उक्त मामले में पुलिस ने 4 आरोपियों को पूर्व में गिरफ्तार कर लिया था। शेष आरोपियों की तलाश जारी है।

### अभिषेक का राष्ट्रीय स्तर पर चयन

**निवाई।** महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय झिलाय में कक्षा 12वीं कला वर्ग में अध्यनरत छात्र का खो-खो प्रतियोगिता में राष्ट्रीय स्तर पर चयन हुआ है। प्रधानाचार्य अनुराधा वर्मा ने बताया कि छात्र अभिषेक चौधरी पुत्र सत्यनारायण चौधरी का 68 वीं विद्यालयी खो खो खेल कूद प्रतियोगिता में राष्ट्रीय स्तर पर चयन हुआ है। उन्होंने बताया कि दिल्ली के छत्रसाल स्टेडियम में 30 अप्रैल से 4 मई तक आयोजित प्रतियोगिता में अभिषेक चौधरी राजस्थान का प्रतिनिधित्व करेंगे। प्रधानाचार्य अनुराधा वर्मा ने राष्ट्रीय स्तर पर चयन होने पर छात्र अभिषेक चौधरी एवं टीम प्रभारी मनराज गुर्जर को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

### स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आज

**श्रीमाधोपुर।** शहर के एम एस हॉस्पिटल में शनिवार 26 अप्रैल को विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन सुबह 8 से शाम 4 बजे तक किया जाएगा। शिविर संयोजक डॉ. माधव सिंह ने बताया कि शिविर में जीवन ज्योति ब्लड बैंक चौमूं की टीम रक्त संग्रहण करेगी। शिविर के प्रचार प्रसार हेतु अनेकों जगह पोस्टरो का विमोचन भी किया गया । डॉक्टर सिंह ने आम लोगों, स्वयंसेवी संस्थाओं, विद्यालयों से अपील कर कहा है कि वे शिविर में स्वैच्छिक रक्तदान करवाकर शिविर को सफल बनाने में सहयोग करें।

### आतंकी हमले के विरोध में प्रदर्शन

**मनोहरपुर ।** गांधी चौक बाजार में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पहलगांव आतंकी हमले की घटना के विरोध में प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने पाकिस्तान और आतंकवाद के खिलाफ मुर्दाबाद के नारे लगाए और कैंडल जलाकर मौन रखकर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर वरिष्ठ नेता अलाउद्दीन खां, कैलाश गुर्जर, गफ्फार खां,राकेश हलकारा, निशार खोकर, ओमप्रकाश बागड़ी, पंकज मिश्रा, महावीर सैनी, विक्रम धोलीवाल, महेश जड़वाल, वसीम अकरम, मंगल सैनी, मनीष बेनीवाल, ताराचंद बेनीवाल, मनीष मालाकार, गुलाब असवाल, विष्णु हरितवाल, मुनीर मनियार, इमरान आजाद, रामस्वरूप बेनीवाल, दीपक मालाकार, रामकुवार यादव, कालू यादव, रशीद पडियार, डालचंद मेहरड़ा, गोकुल मोहनपुरिया,आदि कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### शिविर आयोजित

**श्रीमाधोपुर।** स्वर्गीय चंद्र मणि शर्मा धर्मार्थ चिकित्सा परामर्श केंद्र श्रीमाधोपुर में दोपहर 12 बजे तक आयोजित नि:शुल्क अस्थमा चिकित्सा परामर्श शिविर आयोजित किया गया। संस्थान के युगल किशोर शर्मा जोशी और छाजूराम खेड़ीवालने बताया कि शिविर में डॉ आर एस सिसोदिया पूर्व टीवी स्टेट ऑफिसर जयपुर द्वारा दमा, एलर्जी, चेस्ट, टीबी से ग्रसित 46 मरीजों को नि:शुल्क परामर्श दिया गया।

# कलेक्टर ने जीएसएस के रास्तों से अतिक्रमण हटाने के दिए निर्देश

**खैरथल।** जिला कलेक्टर किशोर कुमार की अध्यक्षता में हीट वेव एवं आधारभूत सुविधाओं को लेकर शुक्रवार को खैरथल जिला सचिवालय पर बैठक हुई। बैठक में कलेक्टर ने उपखंड अधिकारी व तहसीलदार को अधीक्षण अभियंता जेपी बैरवा की शिकायत पर जीएसएस देवता एवं सरहेटा के रास्तों पर से अतिक्रमण हटाने व सीएमएचओ को झोलाछाप डॉक्टरों पर कठोर कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।



जिला कलेक्टर ने खैरथल तिजारा जिला सचिवालय में हीट वेव और आधारभूत सुविधाओं को लेकर बैठक ली

बैठक में जिला कलेक्टर ने अत्यधिक गर्मी और संभावित हीट वेव के मद्देनज़र भीषण गर्मी के चलते किसी भी क्षेत्र में बिजली या पानी की किल्लत न हो, इसके लिए अग्रिम योजना बनाकर क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। हीट वेव के चलते स्वास्थ्य विभाग सहित संबंधित विभागों को आवश्यक तैयारियां पूर्ण करने और दोपहर के समय में विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए। उन्होंने पीएम सूर्य घर योजना के प्रचार प्रसार को और बढ़ाने के निर्देश दिए ताकि इस योजना का लाभ आमजन को मिल सके। बैठक में कलेक्टर ने रास्ता खोलो अभियान की प्रगति पर भी समीक्षा की। जिन रास्तों पर अतिक्रमण या बाधाएं हैं, उन्हें शीघ्र हटाने के लिए निर्देशित किया ताकि आमजन को सुगम आवागमन की सुविधा मिल सके। अधीक्षण अभियंता जेपी बैरवा के

■ 'झोलाछाप डॉक्टरों पर कठोर कार्रवाई करें'

अवगत कराने पर जीएसएस देवता एवं सरहेटा के रास्तों पर से अतिक्रमण को हटाएं जाने के लिए उपखंड अधिकारी एवं तहसीलदार को निर्देश दिए। बैठक में शहरी वार्ड परिसीमन एवं पंचायत पुनर्गठन के संदर्भ में प्राप्त आपत्तियों पर भी चर्चा की गई। अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक आपत्ति का गंभीरता से परीक्षण कर समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करें।

संपर्क पोर्टल पर लंबित राजस्व प्रकरणों की समीक्षा करते हुए उन्होंने निर्देश दिए कि संबंधित अधिकारी नियमित रूप से प्रकरणों का निस्तारण करें। साथ ही बजट घोषणाओं के अंतर्गत भूमि आवंटन की प्रगति की भी समीक्षा की गई और संबंधित विभागों को कार्य में गति लाने के निर्देश दिए गए। उन्होंने शहरी प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा कर पात्र लाभार्थी को लाभान्वित करने के निर्देश दिए।

बैठक के दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर शिवपाल जाट, उपखंड अधिकारी टपूकड़ा लखन सिंह गुर्जर, अधीक्षण अभियंता जलदाय विभाग धर्मवीर यादव, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी अरविंद गेट, अधीक्षण अभियंता बिजली विभाग जेपी बैरवा, नगर परिषद आयुक्त मुकेश शर्मा, सहायक अभियंता बिजली विभाग दिनेश भड़ाना, तहसीलदार खैरथल विजय बैरवा, सहायक प्रशासनिक अधिकारी जगदीश गुप्ता सहित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उपखंड स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## पांचवें दिन भी किसानों का धरना जारी

**निवाई।** किसान महापंचायत के तत्वावधान में मांगों को लेकर शुक्रवार को लगातार पांचवें दिन भी किसानों का धरना प्रदर्शन जारी रहा। ब्लॉक अध्यक्ष दशरथसिंह चौहान ने बताया कि किसान महापंचायत मांगों को लेकर लगातार कृषि उपज मंडी समिति में पांचवें दिन भी धरना प्रदर्शन किया। उन्होंने बताया कि किसानों की मांगों को लेकी अभी तक प्रशासन ने समाधान नहीं किया है। किसानों की मांगों को लेकर शुक्रवार को 1 घंटे तक उपखंड अधिकारी के साथ किसानों की लंबी वार्ता हुई। लेकिन किसानों की मांगों पर पूरी तरह से सहमति नहीं बनी। इस अवसर पर युवा प्रदेश अध्यक्ष रामेश्वर चौधरी, जिला महामंत्री हरिशंकर धाकड़, गोपीलाल चौधरी, उपाध्यक्ष सीताराम चौधरी, प्रचार मंत्री राधेश्याम चौधरी, जमनालाल माली व अध्यक्ष बद्री गुर्जर सहित कई किसान उपस्थित थे।

# मुस्लिम समाज ने आतंकी हमले निंदा कर दो मिनट का मौन रख कर श्रद्धांजलि दी

**मनोहरपुर ।** कस्बे के रावधीर सिंह कॉलोनी स्थित जामा मस्जिद में शुक्रवार की नमाज के बाद मुस्लिम समाज ने पहलगांव में आतंकी हमले की कड़ी निंदा कर 2 मिनट का मौन रख कर श्रद्धांजलि दी गई।इस दौरान बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज मौके पर उपस्थित रहे। इस दौरान जामा मस्जिद के सदर जमील खान चौहान ने कहा कि पूरा मुस्लिम समाज देश की एकता, अखंडता और संप्रभुता के लिए देश वासियों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर कर खड़ा है और देश की खातिर अपने प्राणों को न्यौछावर करने में पीछे नहीं हटेगा, हर घर से हवलदार अब्दुल हमीद निकलेगा कुरान और इस्लाम मे निर्दोष बेबेकसूर की हत्या पूरी मानवता की हत्या के समान माना गया है । यह इस्लाम के मूल मूल्यो- न्याय, दया और शांति - को दर्शाता है।




जामा मस्जिद में बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज ने आतंकवाद के खिलाफ जमकर विरोध प्रदर्शन किया।

वही जामा मस्जिद में बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज ने आतंकवाद के खिलाफ जमकर विरोध प्रदर्शन किया। वही पहलगांव में आतंकी हमले में मृतकों को मौन रखकर श्रद्धांजलि दी। वही मुस्लिम समाज ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से आतंकवाद को सख्त से सख्त सजा देने की मांग की है।

इस दौरान हाजी सरदार पडियार, हाजी बूंदू पडियार,हाजी शब्बीर खान चौहान, हाजी रज्जाक खान पडियार, अली मनियार, डॉक्टर इमरान खान, एडवोकेट रशीद सोलंकी, फारूक चौहान, यूनुस खान,अय्यूब खान, सोराब खान, महमूद खान, इकबाल खान,हारून पडियार, निसार पडियार, शहजाद खान, आरिफ खान सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# आतंकी हमले के विरोध में एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**निवाई।** पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में कांग्रेस व एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को दिन में अहिंसा सर्किल पर मोमबती जलाकर प्रदर्शन किया। इससे पूर्व गांधी पार्क में कांग्रेस, एनएसयूआई व यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने 2 मिनट का मौन रखकर शहीदों को श्रद्धांजली दी। इस दौरान कार्यकर्ताओं पाकिस्तान के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इसके बाद

■ अहिंसा सर्किल पर मोमबती जलाकर किया प्रदर्शन

कार्यकर्ता एसडीएम कार्यालय में पहुंचे और आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई करवाने की मांग को लेकर उपखंड अधिकारी सुरेशकुमार हरसोलिया को ज्ञापन सौंपा है।



एसडीएम कार्यालय पर पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में ज्ञापन सौंपते हुए कांग्रेस व एनएसयूआई के कार्यकर्ता।

इस अवसर पर श्रीरामचौधरी, पूर्व शहर अध्यक्ष महावीर पराना, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष बाबूलाल मीणा, पार्षद विजय शर्मा, पूर्व पार्षद आरिफ कुरैशी, पार्षद अजहर कुरेशी, पवन सांवलिया, सरपंच नितेश मीणा, प्रदीप पारीक, पार्षद दयाराम चौधरी, रामसरूप, विजेंद्र ध्यावना, धर्मेंद्र, मनीष, मुकेश सुनारा, मोहन प्रतापपुरा, गणेश सिदडा, सूरज जाट भूरटिया, पवन बोहरा, राजेश भट्ट, दिनेश गिंदोडी, नजरमोहम्मद, महेंद्र कसाना, प्रभु चौधरी, अनेक सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद थे।

इसी प्रकार अभिभाषक संघ ने संघ के अध्यक्ष महेश शर्मा के नेतृत्व में महामहिम राष्ट्रपति के नाम एसडीएम सुरेशकुमार हरसोलिया को गोली कांड के विरोध में ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में आतंकवादियों द्वारा पर्यटकों पर चलाई गई गोलीबारी से हुई मौत की कड़े शब्दों में निंदा की। ज्ञापन में राष्ट्रपति से केंद्र सरकार को आतंकवादियों पर कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश देने की मांग की है। इस अवसर पर वरिष्ठ एडवोकेट पुरुषोत्तम शर्मा, रामावतार शर्मा व रामबाबू शर्मा सहित कई अभिभाषक मौजूद थे।

## मछली चोरों के हमले से ठेकेदार के कर्मचारी घायल

**देवली।** शुक्रवार को यहां उपखंड क्षेत्र के बीसलपुर बांध में मत्स्य ठेकेदार आर आर फीचरिंग कंपनी के कर्मचारियों पर मछली चोरी करने वाले चोरों ने हमला कर राजेश मीणा कर्मचारी को घायल कर दिया है। इस पर बीसलपुर बांध के मत्स्य ठेका कंपनी के डायरेक्टर ओवैस कुरैशी ने इस मामले में देवली थाना पुलिस में रिपोर्ट दी है। और पुलिस को बताया कि आर आर फिशरिंग कंपनी ने बीसलपुर बांध से मछलियां पकड़ने का ठेका मत्स्य विभाग से जारी करवाया हुआ है। इस पर कंपनी के कर्मचारी बीसलपुर बांध में मछली चोरी को रोकने के लिए समय-समय पर ग्रस्त करते रहते हैं। सुबह 9:00 बजे कंपनी के कर्मचारी बीसलपुर बांध मैं प्रतिदिन की भांति ग्रस्त कर रहे थे तभी कर्मचारियों ने देखा कि फिरोज खान पुत्र बिंदु खान जावेद खान पुत्र मौलवी खान निवासी कुंदेड़ा सीता रामपुर और उसके दो तीन अन्य साथी नाव लेकर बीसलपुर बांध से अवैध तौर पर मछलियों का शिकार कर रहे थे। इस दौरान कंपनी के कर्मचारियों ने उन्हें मछली चोरी करने से रोका लेकिन वह नहीं माने और नाव लेकर किनारे की ओर भाग निकले तभी कंपनी के कर्मचारी राजेश मीणा ने उन्हें पकड़ने के लिए पीछा किया इस दौरान मछली चोर फिरोज और उसके साथीयों

■ बीसलपुर बांध मछली ठेकेदार के कर्मचारियों पर मछली चोरों ने किया हमला

ने कंपनी के कर्मचारी राजेश मीणा पर कातिलाना हमला कर दिया। इस हमले में राजेश मीणा बुरी तरह घायल हो गए । फिरोज जावेद और उसके दो-तीन साथियों ने राजेश मीणा पर कुल्हाड़ी लकड़ी सरीयों से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर मौके से फरार हो गए । ओवैस कुरैशी ने हमलावरों आरोप लगाया कि हमलावरो के इस हमले से राजेश मीणा के सिर हाथ पांव और शरीर पर गंभीर चोट पहुंची है।

कंपनी के अन्य कर्मचारी घायल राजेश को चिकित्सालय लेकर पहुंचे जहां उसका उपचार कराया कंपनी के डायरेक्टर ओवैस कुरैशी ने पुलिस को यह भी बताया कि हमलावरों ने राजेश मीणा पर कुल्हाड़ी लड़कियां से वार किया और राजेश मीणा को जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। इस पर कंपनी के डायरेक्टर ओवैस कुरैशी ने पुलिस में रिपोर्ट देते हुए हमलावरों को गिरफ्तार कर कठोर कार्रवाई की मांग की है।

# आतंकवाद के विरोध में मुस्लिम समाज ने किया जमकर प्रदर्शन, पूतला फूँका

**कोटपूतली।** देश भर की तरह कोटपूतली में भी जम्मु कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा की गई पर्यटकों की निर्मम हत्या की घटना का विरोध जारी है। इसी क्रम में शुक्रवार को यहाँ का मुस्लिम समाज भी लामबंद नजर आया।

कस्बे के दिल्ली दरवाजा स्थित हजरत बिलाल जामा मस्जिद में मुस्लिम समाज के लोग जुम्मे की नमाज के बाद सडकों पर उतर आये। जहाँ उन्होंने जमकर विरोध प्रदर्शन करते हुये पहलगाम में हुई कायरना आतंकी हमले की घटना की निंदा की। साथ ही आतंकवाद का पूतला जलाते हुये दिवंगतों की आत्मा की शांति की प्रार्थना व घायलों के अच्छे स्वास्थ्य की दुआ भी मांगी।




विरोध प्रदर्शन करते मुस्लिम समाज के लोग।

गुस्सायें लोगों ने दिवंगतों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुये जमकर नारेबाजी की। साथ ही पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाते हुये पीएम मोदी से आतंक को जड़ से खत्म किये जाने की मांग की। सीएलजी सदस्य जावेद कुरैशी ने नम आंखों से कहा कि भारत का मुसलमान आतंकवाद को खत्म करने के लिये देश के साथ खड़ा है। उन्होंने कहा कि भारत की सेना आतंकवादियों के विरूद्ध कड़ी से कड़ी कार्यवाही करें।

कांग्रेस आईटी सैल के शाहरूख टांक ने कहा कि भारतीय मुसलमान लामबंद होकर आतंकवाद को जड़ से खत्म करने के लिये भारत सरकार के साथ कंधे से कंधा लगाकर खड़े है। इस दौरान भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष अब्दुल सत्तार खान, सीएलजी सदस्य इरफान कुरैशी, हनीफ कुरैशी, मस्जिद के इमाम मौलाना अशफाक अहमद, मौलाना वकील अहमद, मौलाना अनीस अहमद, एड. वसीम खान, नद्दीम खान, नईम खान, एड. शहजाद, शोकत, सद्दाम, लीला, इशाक मौहम्मद खान, बीलाल अहमद, सद्दीक हाजी, पार्षद मनोज गौड़, एड. ललित शर्मा समेत मुस्लिम समाज के लोग मौजूद रहे।

## पहलगाम की घटना के विरोध श्रीमाधोपुर बंद

**श्रीमाधोपुर।** सर्व हिंदू समाज द्वारा श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर ओंकार दास जी महाराज मंदिर श्री गोपीनाथ जी का श्रीमाधोपुर के महंत डा .मनोहर शरण दास जी महाराज के नेतृत्व में कश्मीर के पहलगाम में हुई जिहादी मानसिक आतंकवादी घटना के विरोध में गुरुवार को श्रीमाधोपुर के सभी व्यापारी मंडल, विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल व सभी धार्मिक और सामाजिक संगठनों एवं सर्व समाज तथा कपड़ा व्यापार संघ, बर्तन व्यापार संघ , फुटकर व्यापार संघ, फोटो ग्राफर यूनियन, सब्जी मंडी थोक विक्रेता यूनियन ,संपूर्ण व्यापार मंडल द्वारा लिए गए निर्णय अनुसार शनिवार 26 अप्रैल 2025 को श्रीमाधोपुर पूर्णतया बंद रखा जाएगा बैठक में विष्णु मिश्रा, राजू बागवान, रवि प्रजापत, पार्षद विनेश सैनी, विश्व हिंदू परिषद के अमित ठठेरा, किशन स्वामी , अशोक पारीक, ओम प्रकाश "प्रधान", सागर व्यापारी, बाबूलाल कटारिया, ओमप्रकाश पचौरी, सत्यनारायण सेन, सुभाष चेजारा, रामरतन सोनी, महेश ढाणी वाला सहित दर्जनों लोग बंद को पूर्णत: सफल बनाने में जुटे हुए हैं।

## सार-समाचार

### ज्ञापन सौंपा



**देवली।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकवादी हमले को लेकर देशभर में आक्रोश है। इसे लेकर देवली में भी विरोध प्रदर्शन किया गया है। व्यापारिक संगठनों, हिंदू संगठनों एवं राजनीतिक संगठनों ने शहर में आक्रोश रैली निकाली और उपखंड अधिकारी को ज्ञापन दिया। यह रेली देवली शहर की बंगाली कॉलोनी से शुरू हुई जो ममता सर्कल,सदर बाजार, छतरी चौराहा, मुख्य बाजार, बस स्टैंड से होती हुई उपखंड अधिकारी कार्यालय पहुंची। इस दौरान लोगों ने पाकिस्तान के खिलाफ जमकर नारेबाजी की ओर पाकिस्तान और आतंकवाद के खिलाफ आक्रोश देखने को मिला। लोगों ने कहा कि जम्मू कश्मीर में पर्यटकों पर आतंकवादी हमला करना कायराना हरकत है। निर्दोष आम नागरिकों को निशाना बनाना मानवता के खिलाफ है। पूरा देश आतंकवाद के खिलाफ एकजुट है। इस दौरान मौजूद लोगों ने उपखंड अधिकारी कार्यालय में ही 2 मिनट का मौन रखकर आतंकवादी हमले में मारे गए लोगों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। इससे पूर्व बुधवार की शाम को देवली शहर के समीप स्थित बोरडा गणेश मंदिर में बनास आरती के दौरान लोगों ने मिनट का मौन रखकर आतंकवादी हमले में मारे गए निर्दोष लोगों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई।म इस दौरान काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

### स्कुलो का बदला समय

**मालपुरा ।** भीषण गर्मी के बढते प्रभाव को देखते हुये जिला कलेक्टर सौम्या झां ने शुक्रवार को आदेश जारी कर सरकारी व गैर सरकारी स्कुलो मे बदला समय। कलेक्टर द्वारा जारी आदेशो मे बताया कि टोंक जिले मे बढते हीटवेव भीषण गर्मी के प्रभाव को देखते हुये आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 के तहत प्रदत्त शक्तियो का प्रयोग करते हुये जिले के सभी सरकारी व गैर सरकारी विद्यालयो मे अध्ययनरत प्राईमरी से आठवीं तक के विधार्थियो का 26 अप्रेल से आगामी आदेश तक विद्यालय समय प्रात साढे सात से साढे ग्यारह तक किया गया है। कक्षा 9 से कक्षा 12 के विधार्थी एवं विद्यालय स्टाफ सहित संचालित अन्य परीक्षाओं का समय यथावत रहेगा। जिला कलेक्टर ने जारी आदेशो मे बताया कि उक्त आदेशो की अवहेलना करने वाले सरकारी व गैर सरकारी विद्यालयो के विरूद्ध आपदा प्रबंधन अधिनियम के प्रावधानो के तहत कार्यवाही अमल मे लाई जायेगी।

### प्रतिभाओं का किया सम्मान



**मालपुरा।** सकल पंच सेन समाज एवं सेन जयंति समारोह समिति मालपुरा के तत्वाधान मे शुक्रवार को 725वां सेन जयंति महोत्सव एवं तहसील स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। विजयवर्गीय सेवा सदन से शुरू हुई कलश व शोभायात्रा शहर के प्रमुख मार्गो से होते हुई पुरानी तहसील मालियो की बगीची पहुंची। अनिल सेन,राजेन्द्र सेन ने बताया कि कार्यक्रम स्थल पर आयोजित तहसील स्तरीय समारोह मे समाज की प्रतिभाओं को समाज के मंच पर सम्मानित कर उत्साहवर्धन किया गया। बडी संख्या मे उपस्थित सेन समाज के लोगो ने प्रतिभाओं का बढाया उत्साह। कलश यात्रा मे महिलाओं ने मंगल कलश धारण कर मंगल गीत गाते हुये शिरकत की। गुंजे सेन जी महाराज के जयकारे। इसी क्रम मे सेन समाज की और से आयोजित एक और कार्यक्रम मे सुन्दरकाण्ड पठन का आयोजन किया गया।

### रेलवे स्टेशन के पास अस्थाई रोडवेज बस स्टैंड प्रारंभ करने की मांग

**श्रीमाधोपुर ।** कस्बे में चल रहे सीवरेज कार्य के कारण स्थाई बस स्टैंड पर रोडवेज के नहीं आने से यात्रियों को काफी परेशानी हो रही है। राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम ने पहले विजयपुरा चौराहे पर तत्पश्चात स्थानाभाव के कारण बाद में कृषि उपज मंडी समिति से रोडवेज बसों का संचालन किया जा रहा है जो मुख्य कस्बे से 3 किलोमीटर दूर पड़ रहा है जिससे यात्रियों को वहां आने-जाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। युवा नेता राकेश तिवारी ,महेंद्र उपाध्याय, वेद प्रकाश बारोलिया पूर्व पार्षद, महावीर ठठेरा, धर्मवीर नायक, मोहम्मद, ग्यारसी लाल, लालचंद व अन्य लोगों ने एक ज्ञापन उपखंड अधिकारी श्रीमाधोपुर को सौंप कर आग्रह किया है यात्रियों की सुविधा को देखते हुए रोडवेज का अस्थाई बस स्टैंड कृषि उपज मंडी समिति से हटाकर रेलवे स्टेशन के पास आबकारी विभाग या पंचायत समिति के पास किया जाना चाहिए जिससे यात्रियों को राहत मिल सके।

### 'आतंकियों को कठोर सजा मिले'

**पावटा।** जम्मू कश्मीर के पहलगांव में हिंदू पर्यटकों की धार्मिक पहचान के बाद हत्या के विरोध में राजस्थान ब्राह्मण महासभा जिलाध्यक्ष राजेश शर्मा ने रोष प्रकट किया व दोषियों को कड़ी सजा देने की मांग की। इस दौरान राजस्थान ब्राह्मण महासभा जिलाध्यक्ष राजेश शर्मा आक्रोश जताते हुए कहा कि निर्दोष लोगों की धार्मिक पहचान करते हुए गोली मारकर हत्या की गई जो निंदनीय है। उन्होंने दिवंगत आत्माओं के लिए दो मिनिट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की। जिलाध्यक्ष राजेश शर्मा ने कहा कि आतंक को उसी की भाषा में जवाब देना चाहिए और भारत को जल्द से जल्द पीओके को भी हासिल करना चाहिए। पहलगाम में मारे गए पर्यटकों को सच्ची श्रद्धांजलि तभी होगी जब भारत कोई बड़ी कार्रवाई करेगा। निर्दोष लोगों पर धार्मिक पहचान के आधार पर आतंकी हमला कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। हम इसकी कड़ी निंदा करते हैं। हम मांग करते हैं कि आतंकियों को कठोर से कठोर सजा मिले।

### पाकिस्तान का झंडा जलाकर किया विरोध

**टोंक।** जम्मू- कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में देशभर में आक्रोश है। टोडारायसिंह में गुरुवार की रात जलदाय मंत्री कन्हैया लाल चौधरी ने भी विरोध जताया और समर्थकों के साथ पाकिस्तान का झंडा जला कर प्रदर्शन किया। इस दौरान मानक चौक बाजार में 2 मिनट का मौन रखकर पहलगाम में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी। इस दौरान जलदाय मंत्री ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि अब समय आ गया है इन ताकतों से लड़ने का। इन्हें सबक सिखाना होगा। चौधरी ने विरोध स्वरूप पाकिस्तान का झंडा भी जलाया। जलते हुए झंडे को मंत्री चौधरी समेत अन्य कुछ अन्य लोगों ने भी पकड़ा और जमकर नारेबाजी की।

### बैंक शाखा प्रबन्धक ने समस्या समाधान का आश्वासन दिया

**फुलेरा।** स्थानीय एसबीआई बैंक द्वारा 2 पेंशनर्स की पिछले करीब 9 माह से पेंशन रोक दी गई। इसके चलते उन्हें काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। इसको लेकर रेलवे पेंशनर्स सोसायटी के पदाधिकारियों ने सम्बन्धित शाखा प्रबन्धक से सम्पर्क कर उक्त समस्या से अवगत करवाया। साथ ही बताया कि पेंशनर्स सुशीला व गुड्डी की पेंशन पिछले करीब नौ महीनों से रूकी हुई है। वहीं आगे बताया कि इस पर लम्बे समय से सिर्फ आश्वासन ही दिया जा रहा है। जबकि कोई कार्रवाई नही की गई है। ऐसे में उक्त पेंशनर्स परिवारों को आर्थिक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। जिससे पेंशनर्स में काफी रोष व्याप्त है। जानकारी के अनुसार उक्त पेंशनर्स ने बैंक से लोन लिया हुआ। ऐसे में बैंक नियम के अनुसार बैंक ऋण किश्तों में काटकर वसूल करना चाहिए। इसी क्रम में पेंशनर्स सोसायटी के पदाधिकारियों ने बताया कि बैंक ने पूरी पेशन रोककर परिवारों को प्रताड़ित किया है। इसके बाद वहीं कहा कि समय रहते बैंक द्वारा उक्त पेंशनर्स की समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो पेंशनर्स सोसायटी धरना प्रदर्शन करेगा।